हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(षष्टम् सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

वीरवार, 29 अगस्त, 2019/7 भाद्रपद,1941(शक्)

[मुख्य मन्त्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - कृषि मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - वन मन्त्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री].

कुल प्रश्न - 20

मल प्रवाह योजना

431 **श्री वीरभद्र सिंह (अर्की):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत दाड़लाघाट में मल प्रवाह योजना शुरू करने का विचार रखती है; यदि हाँ, तो कब तक?

रोज़गार सेवक

432 **श्री वीरभद्र सिंह (अर्की):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि मनरेगा के अन्तर्गत प्रदेश में पंचायत स्तर पर कार्यरत रोज़गार सेवकों को सरकार विभाग में मर्ज करने हेतु नीति बनाने का विचार रखती है?

नर्सिंग कॉलेज

433 **श्री वीरभद्र सिंह (अर्की)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार अर्की में नर्सिंग कॉलेज खोलने का विचार रखती है?

Bus Accidents

434 **Sh. Ramesh Chand Dhawala(Jawalamukhi) :**
Sh. Harshwardhan Chauhan(Shillai) :

Will the **Forest Minister** be pleased to state :-

(a) how many bus accidents of HRTC and private buses have taken place in the State from 01 January, 2018 till 31 July, 2019; details be given; and

(b) how many deaths have occurred in these accidents and what steps the Government is taking to stop the occurance of bus accidents?

बेरोज़गारों को रोज़गार

435 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी)ः**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक सरकार ने कितने बेरोज़गारों को निजी क्षेत्र में रोज़गार उपलब्ध करवाया; वर्षवार ब्यौरा दें?

वीरता पुरस्कार

436 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार द्वारा प्रदेश के वीरता पुरस्कार विजेताओं को कौन-कौन सी सुविधायें प्रदान की जा रहीं हैं; श्रेणी/सुविधावार ब्यौरा दें?

होम गार्डज की तैनाती

437 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार ने शिमला शहर में पर्यटकों तथा स्थानीय जनता को बन्दरों के हमलों से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से बन्दर भगाने हेतु मालरोड से चौड़ा मैदान तक होमगार्ड के जवानों को तैनात करने का निर्णय लिया है; और

(ख) यदि हाँ, तो इस हेतु कितने जवान तैनात किए गए और क्या उन्हें बन्दर भगाने हेतु हथियारों से लैस किया गया है?

सौर ऊर्जा पैनल

438 **श्री सुन्दर सिंह ठाकुर (कुल्लू):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने प्रदेश के सभी माध्यमिक विद्यालयों की छतों पर सौर ऊर्जा पैनल स्थापित करने का निर्णय लिया है; और

(ख) यदि हां, तो कितने विद्यालयों की छतों पर यह पैनल स्थापित किए गए; विद्यालयवार ब्यौरा दें?

Municipal Corporations

439 **Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state :-

(a) is there any specific criteria for upgradation of Municipal Councils/ Committees to Municipal Corporation; if yes, details be given;

(b) is there any proposal pending before the Government for creation of more Municipal Corporations in the State; and

(c) if so, names and areas to be included be given?

Garbage Disposal

440 **Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state :-

(a) whether the Government is creating facilities to dispose off garbage at Municipal/Sub Division/District level; what steps have been taken to create such facilities; and

(b) whether the Government imposes penalty on persons disposing off garbage at open places?

Premature Retirement

441 **Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that Government employees are allowed to take premature retirement after completing 20 years in regular service;

(b) is there any different formula to ascertain the amount of pension in case of different classes of Government employees; if so, reasons thereof; and

(c) will the Government consider to provide full pension to those employees on whose professional training the Government has not spent any amount (on the analogy of pension being sanctioned to Class III and Class IV employees)?

आवास की मरम्मत

442 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31-07-2019 तक विकास खंड अधिकारी भटियात के आवास की मरम्मत हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; कितनी व्यय की गई और कितनी शेष है; यह कार्य किसके द्वारा करवाया गया तथा इसमें कौन से कार्य किए गए; ब्यौरा दें?

पेयजल योजनाएं

443 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी बहाव (gravity) पेयजल योजनाएं हैं और कितनों में filter bed लगे हैं; ब्यौरा योजनावार दें; और

(ख) कुल कितनी उठाऊ पेयजल योजनाएं हैं और कितनी योजनाओं में treatment plants लगे हैं; ब्यौरा योजनावार दें?

आंगनवाड़ी केंद्र/उप-केन्द्र

444 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी)ः**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) रेणुका विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने आंगनवाड़ी केंद्र व उप-केंद्र कार्यरत हैं व इन सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में कितने-कितने बच्चे हैं;

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र में कितने आंगनवाड़ी केंद्रों के भवन बनकर तैयार हो चुके हैं और कितने अभी बनने बाकी हैं; और

(ग) किन-किन भवनों के लिए कितनी धनराशि उपलब्ध है व भवन बनाने के लिए सरकार क्या पग उठा रही है तथा कब तक इन भवनों को बना दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

विकास योजनाएं

445 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31-07-2019 तक रेणुका विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विकास खंड संगड़ाह में मनरेगा, विधायक क्षेत्र विकास निधि, सांसद निधि व अन्य योजनाओं हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई, कितनी व्यय की गई तथा कितनी शेष है; ब्यौरा दें?

बस सेवा

446 **श्री विनय कुमार(श्री रेणुकाजी) ः**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि हरिपुरधार-हरिद्वार के लिए बस सेवा प्रारम्भ की गई थी; यदि हां, तो क्या इसे बन्द कर दिया गया है; इसे पुनः बहाल करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है;

(ख) यह सत्य है कि ददाहू बस अड्डा जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है; इस बस अड्डे से प्रतिदिन कितनी सरकारी व प्राइवेट बसों की आवाजाही होती है; और

(ग) सरकार इस बस अड्डे को अन्यत्र स्थानान्तरित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कहां व कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

पदपूर्ति

447 **श्रीमती कमलेश कुमारी (भोरंज):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार पंचायती राज विभाग के अन्तर्गत तकनीकी सहायक एवं ग्रामीण रोजगार सेवकों के रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है?

मजदूरों का पंजीकरण

448 **श्रीमती कमलेश कुमारी (भोरंज):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में कामगार कल्याण बोर्ड में मजदूरों के पंजीकरण का अधिकार मजदूर संघों के पास है; और

(ख) सरकार यह कार्य ग्राम पंचायतों को देने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

स्पोर्ट्स कोटे से भर्ती

449 **श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31-07-2019 तक हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सीमित में कितने पद स्पोर्ट्स कोटे से भरे गए; इसमें सामान्य वर्ग एवं आरक्षित श्रेणियों सहित ब्यौरा दें?

स्वास्थ्य केन्द्रों की अद्यतन स्थिति

450 **श्री पवन कुमार काजल(कांगड़ा) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) कांगड़ा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत प्राथमिक व उप-स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की है;

(ख) इन केन्द्रों के भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ग) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) जानियांकड़ के भवन का निर्माण पिछले डेढ़ वर्ष से पूरा हो चुका है उसको विधिवत कब तक शुरू किया जाएगा?

शिमलाः 171004. **यशपाल शर्मा,**
दिनांकः 13th अगस्त, 2019. **सचिव।**